RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 01 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 259 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

2025 HAPPY NEW YEAR

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# नितेश राणे को कांग्रेस ने लगाई लताड़!

## पीएम मोदी से की मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के 'मिनी पाकिस्तान' वाले बयान पर सियासी संग्राम मच गया है। राज्य के नेताओं के साथ-साथ अब राष्ट्रीय दल के नेताओं ने भी नितेश राणे और भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी के अबू आजमी से लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन तक ने नितेश राणे को जमकर लताड़ लगाई। अब इस मामले में कांग्रेस ने भी नितेश राणे की आलोचना की है और कार्रवाई की मांग की है। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने गत रविवार को पुणे जिले की पुरंदर तहसील में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि ''केरल 'मिनी पाकिस्तान' है। आतंकवादियों ने पहले राहुल गांधी को वोट दिया और अब उनकी बहन प्रियंका गांधी को वोट दिया है।''

कांग्रेस ने मंत्री नितेश राणे के विवादित बयान को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राणे के बयान पर थोड़ी भी शर्मिंदगी है तो उन्हें राणे की तत्काल बर्खास्तगी सुनिश्चित करनी चाहिए। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह दावा भी किया कि केरल ने भाजपा को आज तक स्वीकार नहीं किया है और कभी करेगा भी नहीं।

# मुंबईः सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में सीएम देवेंद्र फडणवीस की सख्त चेतावनी...!

# 'गुंडा राज बर्दाश्त नहीं करेंगे'

**मुंबईः बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। सरपंच ने बीड जिले में एक पवन ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली किए जाने की कोशिश का विरोध किया था जिसके चलते उनकी हत्या की गई थी। इस मामले को लेकर राज्य में जमकर सियासत हो रही है। विपक्ष के साथ-साथ सत्तारूढ़ दलों के भी कुछ नेता इस हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन कर रहे है।**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने देशमुख के भाई से टेलीफोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा। साथ ही उन्होंने मंगलवार को चेतावनी दी कि बीड में 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ''मैंने दिवंगत संतोष देशमुख के भाई से बात की और उनसे कहा कि उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए। जब तक दोषियों को फांसी नहीं हो जाती, पुलिस अपना काम करती रहेगी।''सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ''बीड के सरपंच हत्या मामले में शामिल सभी लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हम गुंडा राज बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो लोग कानून को अपने हाथ में लेने या निवासियों से जबरन वसूली करने की कोशिश करेंगे, उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस फिलहाल उन संदिग्धों की तलाश कर रही है जो फरार हैं। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे।''

### सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ''चाहे कुछ भी हो जाए, सभी दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।'' कराड के खिलाफ क्या आरोप लगाए गए हैं, इस बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि ''पुलिस संदिग्धों के खिलाफ आरोपों और सबूतों पर जानकारी देगी। अपराध जांच विभाग (उकऊ) बिना किसी बाहरी दबाव के मामले को संभाल रहा है।'' वाल्मीक कराड द्वारा उनके खिलाफ राजनीतिक रूप से प्रेरित कार्रवाई के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि ''अगर कोई सबूत है, तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि, मैं राजनीति नहीं कर रहा। संतोष देशमुख के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।''

## बेवफाई के संदेह में पत्नी की चाकू घोंपकर कर दी हत्या!




**मुंबईः** पुलिस ने एक 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर अपनी पत्नी की बेवफाई के संदेह के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी नितिन जाम्बले एक निजी फर्म का कर्मचारी है। उसने 2018 में कोमल शेलार, 25 वर्षीय के साथ भागकर शादी कर ली थी, क्योंकि उनके माता-पिता उनके विवाह के खिलाफ थे। शादी के बाद, दंपति मलाड ईस्ट के कदमबाग में एक चॉल में रहने लगे।

पुलिस ने बताया कि दंपति के बीच अक्सर लड़ाई होती रहती थी, क्योंकि जाम्बले को शेलार पर विवाहेतर संबंध होने का संदेह था। शेलार ने कथित तौर पर अपनी शादी के दौरान जाम्बले से बड़ी रकम ली थी। तनाव के कारण दोनों अलग हो गए, जिसके बाद शेलार अपने माता-पिता के साथ उसी इलाके में एक अन्य चॉल में रहने लगी।

## 37 साल पहले ड्रमों में छिपाया था 4300 किलो हशीश... अब हुई 20 साल की जेल



**मुंबईः** मुंबई की एक अदालत ड्रग मिलने के 37 साल बाद सोमवार को एक मामले में सजा का ऐलान किया। कोर्ट ने सांताक्रूज के एक व्यवसायी के स्वास्थ्य चिंताओं को दरकिनार करते हुए 20 साल की कठोर सजा दी। यह पूर मामला 4,365 किलोग्राम हशीश से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने विक्रोली के एक गोदाम में आम की चटनी के ड्रम में छिपाकर रखे गए नशीले पदार्थ का जब्त किया था। तब यह सामने आया था कि 2.61 करोड़ रुपये के इस नशीले पदार्थ को चटनी के ड्रमों की आड़ में निर्यात किया जाना था।

सरकारी वकील ने कोर्ट ने आरोपी व्यवसायी का मौत की सजा देने का की मांग की। सामने आया है कि 37 साल इस मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी नितिन भानुशाली (65) को पूर्व में भी दो अन्य मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। एनडीपीएस अधिनियम के अनुसार, दो बार दोषी पाए गए व्यक्ति को मृत्युदंड दिया जा सकता है। विशेष न्यायाधीश एस ई बांगर ने कहा कि भानुशाली को पछतावा या पछतावा नहीं दिखा।

### नहीं बरती जा सकती है नरमी

अदालत ने कहा कि विशेषकर युवाओं में नशीली दवाओं की लत की व्यापक समस्या और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए गंभीर दंडों को देखते हुए, उसके प्रति नरमी दिखाना उचित नहीं है। 2010 के बरी होने का जिक्र करते हुए, न्यायाधीश उस फैसले में टिप्पणियों से असहमत थे क्योंकि प्रारंभिक परीक्षण के बाद नए गवाहों की जांच की गई थी और अभियोजन पक्ष के सबूतों पर पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया था। पाकिस्तानी नागरिक इब्राहिम सहित चार आरोपी अभी भी फरार हैं, जबकि मुकदमे के दौरान एक की मौत हो गई। एक आरोपी को अज्ञात के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

### गोपनीय सूचना पर छापेमारी

डीआरआई अधिकारियों ने 2 जुलाई, 1987 को एक गुप्त सूचना के बाद विक्रोली में एक गोदाम पर छापा मारा और चटनी के 194 ड्रमों में हशीश बरामद की। इसके बाद कई गिरफ्तारियां हुई थीं। भानुशाली पर उस गोदाम को किराए पर लेने का आरोप था जहां प्रतिबंधित सामान रखा जाता था। उसने फर्जी निर्यात दस्तावेज तैयार करने में मदद की थी।

## बेस्ट इलेक्ट्रिक बस ने बायकुला में टक्कर के बाद धुआं छोड़ा...



**मुंबईः** एक संभावित खतरनाक स्थिति टल गई, जब बेस्ट अंडरटेकिंग की इलेक्ट्रिक वेट लीज बस ने अंसारी चौक के पास मामूली टक्कर के बाद काला धुआं छोड़ा। यह घटना दोपहर करीब 1:15 बजे हुई, जब बस, जिसका नंबर 8337 था और ओलेक्ट्रा द्वारा वेट लीज के तहत संचालित थी, रूट ए-126 पर नाना चौक से जीजामाता उद्यान जा रही थी। बेस्ट के एक अधिकारी के अनुसार, बस इस्माइल मर्चेंट चौक की ओर दाएं मुड़ रही थी, तभी अचानक एक बाइक सवार ने उसका रास्ता पार कर लिया। टक्कर से बचने के प्रयास में, बस चालक ने बस को थोड़ा मोड़ दिया, जिससे इलेक्ट्रिक बस की छत पर लगी बैटरी बायकुला ब्रिज के समानांतर एक निमार्णाधीन पुल के क्षैतिज खंभे से टकरा गई। इस संपर्क के परिणामस्वरूप बैटरी से काला धुआं निकलने लगा।

अधिकारी ने कहा, ''चालक ने स्थिति को संभालने के लिए तुरंत काम किया, बस को एक तरफ ले गया और आग लगने से पहले ही (बस में दिए गए) आग बुझाने वाले यंत्र का इस्तेमाल किया। बस में कुछ ही यात्री थे और सौभाग्य से, कोई भी घायल नहीं हुआ। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया ने धुएं को आग में बदलने से रोक दिया।'' उन्होंने कहा, ''घटना के बाद बस का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।'' हालांकि चालक द्वारा समय पर की गई कार्रवाई ने एक बड़ी आपदा को टाल दिया, लेकिन भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों, खासकर निर्माण क्षेत्रों के पास चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ जताई जा रही हैं।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### वास्तविक चुनौतियों की अनदेखी...

बीतता वर्ष इतिहास का सबसे बड़ा चुनावी वर्ष होने के साथ-साथ प्रमुख लोकतंत्रों में फैलती अस्थिरता के नाम भी रहा। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा और जापान में सरकारें सत्ताधारी पार्टियों के बहुमत खोने की वजह से अस्थिर हुईं। दक्षिण कोरिया में मार्शल ला लगाने की वजह से सरकार संकट में है और ब्रिटेन में प्रचंड बहुमत से जीतने के बावजूद कारोबारी टैक्स बढ़ाने और पेंशनभोगियों का शीतकालीन भत्ता काटने की वजह से सरकार की लोकप्रियता बुरी तरह गिरी। सत्ताधारी पार्टियों और उनके गठबंधनों के प्रति बढ़ते जन असंतोष के तीन प्रमुख कारण हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी भत्ता और पेंशन जैसी सुविधाओं की बढ़ती मांग के साथ-साथ टैक्स दरों में भी कटौती की आशा, महंगाई और शरणार्थियों की बढ़ती संख्या। अमेरिका में कमला हैरिस की हार के मूल कारण भी यही थे। जापान, कनाडा और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों में लोगों की औसत आयु बढ़ रही है, जिससे पेंशन और स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च बढ़ रहा है। जनन दर घट रही है, जिससे कमाने और टैक्स देने वालों की संख्या घट रही है। आर्थिक विकास दरें भी धीमी पड़ रही हैं, जिसकी वजह से राजस्व नहीं बढ़ पा रहा है। लोग न तो जनकल्याण की उन सुविधाओं में कटौती सहने को तैयार हैं, जिनके वे आदी हो चुके हैं और न अधिक टैक्स देने को तैयार हैं।

सीरिया, अफगानिस्तान, फलस्तीन, यमन और सूडान जैसे देशों से आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ से जन सेवाओं पर बोझ और बढ़ रहा है। सरकारें इन चुनौतियों के बीच संतुलन बैठाने में खुद को असमर्थ पा रही हैं। जापान से लेकर, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा तक लगभग हर देश में बढ़ते जन असंतोष का एक प्रमुख कारण यही है। रोजगार और जनकल्याण सुविधाओं की बढ़ती मांग के साथ-साथ महंगाई की मार भारत में भी जन असंतोष का एक प्रमुख कारण है। इसकी वजह से भाजपा आम चुनाव में अपना बहुमत बढ़ाने की जगह बचाने में भी नाकाम रही। जहां तक शरणार्थियों की बात है, भारत में अमेरिका और ब्रिटेन की तरह शरणार्थियों से कहीं बड़ी समस्या घुसपैठियों की है। जहां अमेरिका और ब्रिटेन में घुसपैठियों की रोकथाम और निष्कासन के लिए एक राय है, वहीं भारत में वोटबैंक के लालच में उन्हें प्रश्रय दिया जा रहा है। इस सबसे अलग भारत में एक ऐसी राजनीतिक समस्या खड़ी हो गई है, जो अभी तक और किसी बड़े लोकतंत्र में देखने को नहीं मिलती और वह है जनादेश स्वीकार न करने की समस्या। चुनाव से पहले तक अमेरिका में भी ऐसा अंदेशा था कि यदि ट्रंप हार जाते तो वह और उनके समर्थक जनादेश को स्वीकार नहीं करते और तब सबसे पुराने लोकतंत्र का तमाशा बन सकता था, लेकिन ट्रंप की नाटकीय जीत ने अमेरिका की लाज बचा ली।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बीड : सरपंच की हत्या मामले के बाद बंदूक रखने वालों की जांच करने का आदेश



**बीड :** सरपंच की हत्या मामले के बाद बंदूक रखने वालों की जांच करने का आदेश दिया गया है. केवल मुंबई की ही बात करें तो पिछले 5 साल में इस साल सबसे ज्यादा बंदूक जब्त किए गए. बंदूक का अवैध रूप से शहर में आना सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है. मुंबई के पुलिस कमिश्नर विवेक फंसालकर ने सभी अधिकारियों को शहर में आ रहे अवैध बंदूक को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आदेश दिया है.

इस साल की शुरूआत में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना और अक्टूबर में ठउढ नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या ने मुंबई पुलिस की खुफिया जानकारी पर गंभीर सवाल खड़े किए. दोनों ही मामलों में इंटेलिजेंस फेल नजर आया है. बिश्नोई गिरोह के शूटर ने शहर में हथियारों की तस्करी की और एक महीने तक रेकी करते रहे. इन सभी वारदातों के बाद मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर ने मुंबई के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लोकल इंटेलिजेंस को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है.

आंकड़ों की मानें तो अक्टूबर तक आर्म्स एक्ट के तहत 128 मामले दर्ज किए गए थे. इन मामलों में 157 हथियार (बंदूक) और 1455 जिंदा कारतूस जब्त किए गए और 122 लोगों को गिरफ्तार किया गया. जब्त किए गए हथियारों में 46 देशी रिवॉल्वर, 99 देशी पिस्तौल और 11 फॉरेन मेड हथियार शामिल हैं. इनमें बाबा सिद्दीकी की हत्या से जुड़े तुर्की और ऑस्ट्रियाई ग्लॉक मॉडल पिस्तौल शामिल हैं.

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में हथियारों की तस्करी मुख्य रूप से रोड ट्रांसपोर्ट के जरिए हो रही है और ऐसे में बिना सटीक जानकारी के एंट्री पॉइंट पर हर व्यक्ति की तलाशी लेना संभव नहीं है. जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि जब्त किए गए कई हथियार मध्य प्रदेश के बुरहानपुर और बिहार के मुंगेर जैसी जगहों पर बनाए गए. सूत्रों ने यह भी दावा किया कि "ये इलाके अवैध हथियार बनाने के प्रमुख केंद्र हैं, जहां पिस्तौल और रिवाल्वर 10,000 रुपये से 15,000 रुपये में खरीदे जा सकते हैं.

# दादर में हत्या, सीसीटीवी फुटेज से मिला आरोपी

**मुंबई :** शिवजी पार्क पुलिस ने 40 वर्षीय व्यक्ति की हत्या मामले में मनोज अमित सहारे नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित की पत्थर से कुचलकर कर हत्या कर दी थी। जांच में पता चला है कि आरोपी मामूली कहासुनी के बाद चंदन पर पत्थर से हमला कर दिया था। घटना 26 दिसंबर की रात और 27 दिसंबर की सुबह के बीच दादर के शिवाजी पार्क इलाके में रुक्मिणी सदन बिल्डिंग के पास फुटपाथ पर हुई है। शुक्रवार को शिवाजी पार्क पुलिस की एक विशेष गश्ती टीम अपने नियमित दौरे पर थी, तभी उन्हें रुक्मिणी सदन के पास फुटपाथ पर एक बेहोश व्यक्ति पड़ा मिला। घायल व्यक्ति को तुरंत सायन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान चंदन के रूप में हुई, जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर से हत्या कर दी थी।

# नागपुर : कब्रिस्तान के चौकीदार की धारदार हथियार से हत्या!




**नागपुर :** शहर में एक युवक ने कब्रिस्तान के चौकीदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि आरोपी युवक सिजोफ्रेनिया नामक बीमारी से ग्रसित है, जिसने 67 वर्षीय कब्रिस्तान के चौकीदार की गला रेतकर हत्या कर दी. पुलिस ने सोमवार को इस मामले की जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर की है. यह घटना जरीपटका थाना क्षेत्र के मेकोसाबाग इलाके में हुई, जिसके बाद 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. हालांकि आरोपी ने यह हत्या क्यों की इसका कारण अभी तक सामने नहीं आया है. पुलिस ने इस मामले के बारे में बताया कि जिस व्यक्ति ने कब्रिस्तान के चौकीदार की हत्या की है, चौकीदार उसके पिता का करीबी दोस्त था. जब मामले की जांच की गई तो सामने आया कि आरोपी का नाम अनोन मिथिला प्यारेजी है. बताया जा रहा है कि वह सिजोफ्रेनिया नामक बीमारी से ग्रसित है और बेतुके बयान दे रहा है. जरीपटका पुलिस ने बताया कि अनोन मिथिला प्यारेजी सबसे पहले बाइक से कब्रिस्तान गया था. वहां उसने मृतक कब्रिस्तान के चौकीदार रमेश लक्ष्मणराव शिंदे से कुछ देर बात की और अचानक धारदार हथियार से गला रेतकर चौकीदार की हत्या कर दी। जैसे ही अनोन मिथिला प्यारेजी ने रमेश लक्ष्मणराव शिंदे पर हमला किया तो वह गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी वहां से भागने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पहले तो उसकी जमकर पिटाई की।

# मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी पुलिस रडार पर

## मकान मालिकों को सख्त चेतावनी



**मुंबई :** अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है. पुलिस ने मुंबई में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है. मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी ने कार्रवाई की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 195 मामले दर्ज कर कुल 278 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. 50 बांग्लादेशी प्रवासियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर डिपोर्ट कर दिया गया है.

सत्यनारायण चौधरी ने आगे बताया कि पिछले तीन सप्ताह में 50 बांग्लादेशी नागरिकों की मुंबई के अलग अलग इलाकों से गिरफ्तारी हुई. बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में मकान किराए पर लेकर रहते हैं. ऐसे में मकान मालिकों को भी विशेष हिदायत दी गई है. मकान किराया पर देने से पहले पुलिस को किराएदारों की जानकारी जरुर दें. पुलिस का सहयोग नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की भी सत्यनारायण चौधरी ने चेतावनी दी. रविवार की रात घाटकोपर पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया. आरोपियों की पहचान शकील यारुल शेख, आलम अलाउद्दीन शेख और रसाल अकबर शेख के तौर पर हुई है. पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी पनवेल में रहते थे. पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि भारत की सीमा में एंट्री अवैध रूप से की थी.

गौरतलब है कि दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या के मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है. विधानसभा चुनाव से पहले बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ का मुद्दा गर्म है. अवैध रूप से रहे अप्रवासियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई भी हो रही है. अब मुंबई पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त तेवर अपना लिया है.

# महालक्ष्मी क्षेत्र में दो लोगों ने बंदूक और चाकू के बल पर आभूषण की दुकान से 1.91 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के सामान की लूट...

**मुंबई:** मुंबई के महालक्ष्मी क्षेत्र में दो लोगों ने बंदूक और चाकू के बल पर एक आभूषण की दुकान से 1.91 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के सामान लूट लिए। आग्रीपाडा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को सात रास्ता इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने दुकान के मालिक और कर्मचारियों को बांध दिया, उनके साथ मारपीट की और 1.91 करोड़ रुपये के गहने लूटकर फरार हो गए। अपराध शाखा भी मामले की जांच कर रही है और उन्हें पकड़ने के लिए पांच-छह टीम बनाई हैं। अधिकारी ने बताया कि दुकान के मालिक भवरलाल धरमचंद जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। मुंबई में पिछले दिनों भी कई ऐसी वारदातें देखने को मिल चुकी हैं। बड़ी लूटों के साथ साइबर क्राइम का गढ़ बन चुकी है मायानगरी। हालांकि, मुंबई पुलिस इस पर लगाम लगाने की बात करती है, लेकिन इसमें कमी आने के संकेत नहीं मिल रहे हैं।

# घाटकोपर होर्डिंग मामले में अरशद खान गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई अपराध शाखा ने घाटकोपर होर्डिंग गिरने के मामले में फरार चल रहे अरशद खान नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि अरशद खान को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। होर्डिंग मामले में हुए लेनदेन को लेकर अरशद की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। अपराध शाखा ने इससे पहले मामले में अपराध शाखा ने ईगो मीडिया कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे, कंपनी की पूर्व निदेशक जान्हवी मराठे, होर्डिंग रखरखाव के लिए जिम्मेदार सागर पाटिल और प्रमाणित स्ट्रक्चरल इंजीनियर मनोज संधू को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपपत्र अक्टूबर महीने में ही पुलिस फाइल कर र दिया दिया है। । जांच ज में पुलिस ने पाया था कि 2021 से इगो मीडिया ने 10 बैंक खातों में 39 लेनदेन किये हैं। जिसके माध्यम से 46 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर किये गए हैं। ये पैसे क्यों आये थे और किसलिए गए थे इसकी जांच के लिए अरशद खान की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण थी। अब जाकर अपराध शाखा के हाथ सफलता लगी है, जिसमें उसे लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मुंबई: टनल के जरिए पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच यात्रा का समय 75 मिनट से घटकर सिर्फ 20 से 25 मिनट

**मुंबई:** पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने के लिए गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड पर काम चल रहा है। बीएमसी की इस महत्वाकांक्षी गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के तहत संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के तहत 4.7 किमी लंबी ट्विन टनल का निर्माण किया जाएगा। इस टनल के जरिए पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच यात्रा का समय 75 मिनट से घटकर सिर्फ 20 से 25 मिनट रह जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में जीएमएलआर के तीसरे चरण के तहत ट्विन टनल के कार्य का उद्घाटन किया था। अब इन ट्विन टनलों के काम में तेजी लाने के लिए बीएमसी ने थर्ड पार्टी टेक्निकल ऑडिट कराने का फैसला



किया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि इस ऑडिट कार्य के लिए वीजेटीआई को नियुक्त किया गया है।

**डेढ़ घंटे की दूरी 15 से 20 मिनट में पूरी होती है**

जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड से मुलुंड, ठाणे पहुंचने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है। लेकिन गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के पूरा होने के बाद यह काम सिर्फ 15 से 20 मिनट में पूरा किया जा सकेगा।

**ट्विन टनल बनाने में बड़ी दिक्कत क्या?**

गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के लिए बनाई जा रही ट्विन टनल के बारे में बात करते हुए अधिकारी ने कहा कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे ट्विन टनल बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण है। इसीलिए काम की गुणवत्ता और प्रकाश प्रबंधन के क्रियान्वयन के साथ-साथ तकनीकी सहायता के लिए वीजेटीआई की मदद ली जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि तटीय सड़क के निर्माण में आने वाली शुरूआती कठिनाइयों को देखते हुए ट्विन टनल के निर्माण में तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया है। सुरंग खोदने के लिए टनल बोरिंग मशीन चीन से मुंबई लाई जाएगी। मार्च 2025 से पहले मशीन आ जाएगी और फिर सुरंग का काम शुरू हो जाएगा। ट्विन टनल के निर्माण के दौरान गुणवत्ता के मामले में थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाएगा, लेकिन इससे लागत बढ़ जाएगी। वर्तमान में ट्विन टनल की लागत 6300 करोड़ है, लेकिन थर्ड पार्टी ऑडिट के बाद यह लागत 6500 करोड़ से अधिक हो सकती है। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे इस ट्विन टनल के निर्माण के अलावा फिल्म सिटी के पास 1.6 किमी लंबी सुरंग का भी निर्माण किया जाएगा।

# नवी मुंबई पुलिस की शहर में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों पर कार्रवाई...



**नवी मुंबई :** अवैध मादक पदार्थों के व्यापार के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए, नवी मुंबई पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों पर कार्रवाई की, जिनमें से कई नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों में शामिल हैं। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने अवैध अप्रवासियों, विशेष रूप से अफ्रीकियों के बारे में चिंता व्यक्त की, जो छात्र, चिकित्सा या व्यावसायिक वीजा पर देश में प्रवेश करते हैं, लेकिन अंततः मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, ''अवैध अप्रवासी, खास तौर पर अफ्रीकी, नशीले पदार्थों के व्यापार में लिप्त हैं। वे छात्र वीजा, मेडिकल वीजा और व्यावसायिक वीजा पर आते हैं, लेकिन समय के साथ वे नशीले पदार्थों के व्यापार में लिप्त हो जाते हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है और वे जेल में हैं। नवी मुंबई पुलिस ने पिछले दो वर्षों में नशीले पदार्थों के व्यापार में शामिल अफ्रीकियों के खिलाफ कार्रवाई की है।''

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि नवी मुंबई पुलिस आगामी उत्सवों के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी कर रही है। पुलिस किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोकने और समुदाय के लिए सभी उत्सवों को सुचारू रूप से और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक उपाय कर रही है।

नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा और लोगों से उत्सवों के दौरान जिम्मेदार बने रहने और कानूनों और नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''नवी मुंबई पुलिस लोगों को नया साल मनाने के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए तैयार है। पुलिस तैनात की जाएगी।'' इसके अलावा, शहर के प्रमुख क्षेत्रों में नशीली दवाओं की खपत पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में अधिकारी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। पनवेल में कई फार्महाउस हैं और नशीली दवाओं के सेवन पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी तैनात किए जाएंगे।''

# देवनार में कचरे से बिजली पैदा करने की मनपा ने बढाई क्षमता

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने देवनार में जमा हुए कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। पहले इस परियोजना से मनपा ने 4 मेगावॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य था। जिसमें अब बढ़ोत्तरी कर 7 मेगावॉट कर दिया गया है। यह परियोजना अक्टूबर 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

बता दें कि देवनार डंपिंग ग्राउंड पर लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन कचरा जमा है। उच्च न्यायालय ने कचरे को वैज्ञानिक तरीके से बंद करने का आदेश दिया था। जिसके तहत मनपा ने कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना स्थापित करने का निर्णय लिया था। इस परियोजना पर पिछले आठ-दस वर्षों से मनपा काम कर रही थी। मनपा ने 2014 में तीन हजार मीट्रिक टन कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना के लिए निविदाएं मांगी गई थीं। लेकिन कोई ठेकेदार नहीं मिलने पर छोटे-छोटे तीन प्रोजेक्ट्स बनाने का निर्णय लिया। इसके तहत 600 मीट्रिक टन कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना बनाई गई।



**इससे बिजली उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी**

यह परियोजना अक्टूबर 2025 में शुरू होने की संभावना है, प्रोजेक्ट से मनपा के भांडुप परिसर में विभिन्न बिजली द्वारा प्राप्त बिजली का उपयोग सिस्टम के लिए किया जाना है। प्रौद्योगिकी - विंडो कम्पोस्टिंग और भस्मीकरण अपेक्षित विद्युत उत्पादन - 7 मेगावाट (शुद्ध विद्युत उत्पादन 17 मिलियन प्रति वर्ष इकाइयां) क्षेत्रफल- 12.19 हेक्टेयर वर्तमान स्थिति निर्माण एवं इरेक्शन कार्य प्रगति पर है। प्रोजेक्ट की शुरूआत 2022 में हुई थी जिसके 2025 में पूरा होने के आसार हैं।

# बाजारपेठ के खुले नाले में गिरा बाइकर, लापरवाही उजागर

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के बाजारपेठ इलाके में चल रहे नाला और सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा सामने आया। गुलजार कोल्ड्रिंक के पास मुख्य नाले का निर्माण कार्य जारी था, जहां सड़क का अंदाजा न लगा पाने के कारण एक बाइक सवार अपनी बाइक समेत खुले नाले में गिर गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को नाले से बाहर निकाला और रस्सी की मदद से उसकी बाइक को भी बाहर खींचा। इस हादसे में बाइक सवार को हल्की चोटें आईं, लेकिन बड़ा नुकसान होते-होते बच गया। नाला और सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त उपाय न करने के कारण यह दुर्घटना घटी। निर्माण स्थल पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था और न ही सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस इलाके में ऐसे हादसे आम हो गए हैं।

# मुंबई की दूषित हवा को लेकर बीएमसी का कंस्ट्रक्शन के काम को बंद करने का आदेश

**मुंबई :** प्रदूषण से हवा की हालत खराब है. इस बीच मुंबई की दूषित हवा को लेकर बीएमसी ने बड़ा आदेश जारी कर दिया है. बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने कहा कि मुंबई में जो बिल्डिंग बनाने का काम हो रहा है, उसकी वजह से जो धूल मिट्टी उड़ रही है उससे हवा दूषित हो रही. ऐसे कंस्ट्रक्शन के काम को बंद करने का आदेश देते हैं.

कमिश्नर भूषण गगरानी ने आगे कहा कि जो इस आदेश नहीं मानेगा उसपर करवाई होगी. ये गैरजमानती अपराध होगा. 24 घंटे के अंदर काम बंद करने का आदेश दिया जा रहा है. भायखला और बोरीवली में बिल्डिंग बनाने का काम ज्यादा चल रहा है उनको काम बंद करने का तुरंत आदेश दिया जा रहा है.

**होती रहेगी मॉनिटरिंग**

उन्होंने आगे कहा ''मुंबई के वर्ली इलाके में भी हवा का स्तर दूषित



है वह भी जो बिल्डिंग बनाने का काम चल रहा है वह भी काम बंद करने का फैसला एक दो दिन में लिया जा रहा है. ये सारी उपाय योजनाएं हम कर रहे है जिसकी हम मॉनिटरिंग करेंगे.''

**रोड के कंक्रीटीकरण का काम रहेगा जारी**

बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने पीसी के दौरान कहा कि रोड के कंक्रीटीकरण का जो काम चल रहा है वो काम चलता रहेगा. लेकिन बीएमसी उसकी मॉनिटरिंग करते रहेंगे. मुंबई में खराब हो रही हवा के स्तर को देखते हुए बीएमसी ने तत्काल प्रभाव से कुछ इलाके में कंस्ट्रक्शन साइड को बंद किया जाए.

**इस वजह से बढ़ा मुंबई में प्रदूषण**

बता दें कि मुंबई में पॉल्यूशन से दिल्ली की हवा जहरीली होती जा रही है. धुंध की वजह से विजिबिलिटी बेहद कम रही. हाल ये हैं कि प्रदूषण ने तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. मौसम विभाग की मानें तो प्रदूषण की वजह पश्चिम एशिया से आने वाली धूल भरी आंधी है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के रेगिस्तानी क्षेत्र से उठी धूल भरी आंधी की वजह से मुंबई में प्रदूषण बढ़ा है.

## मुंबई: नए साल के मौके पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर




**मुंबई:** नए साल के मौके पर मुंबई में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं. साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर भी पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी. मुंबई में 31 दिसंबर को नए साल का स्वागत करते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 8 एडिशनल कमिश्नर, 29 डीसीपी, 53 असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, 2184 पुलिस इंस्पेक्टर और 12,048 पुलिस कांस्टेबल तैनात रहेंगे. इसके अलावा एसआरपीएफ की प्लाटून, क्यूआरटी टीम, बीडीडीएस टीम, आरसीपी प्लाटून और होमगार्ड्स भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे. भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी. खासतौर पर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भीड़ के बीच मौजूद रहकर स्थिति पर पैनी नजर रखेंगे.

## मुंबई : निर्माण क्षेत्रों के पास रहने वाले निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित किया



**मुंबई :** किसी विकासशील देश की तरह मुंबई एक विकासशील शहर की तरह है. जहां नजरे इनायत कीजिए धूल और गड्ढों से भरा पड़ा शहर अपने विकसित शहर का टाइटल पाने की बांट जोह रहा है. कल्पना कीजिए कि मुंबई शहर को देश की आर्थिक राजधानी के अलावा अन्य शहरों से आने वाले लोग क्या बोलते हैं? वो इस विकासशील शहर को आमभाषा में अक्सर अंडर-कंस्ट्रक्शन सिटी भी कहते है. किसी कॉमिक शो में आपको ये सुनने को जरूर मिल जाएगा. इस शहर को विकास और कनेक्टिविटी देने के लिए मुंबई मेट्रो, ट्रैफिक भीड़ को कम करने के उद्देश्य से एक बहुप्रतीक्षित परियोजना है.

शहर के कई हिस्सों में यह पूरी हो चुकी है लेकिन अभी कई हिस्सों में इसका निर्माण मुंबई की रफ्तार को धीमी कर रहा है निर्माण कार्य के चलते निवासियों का वक्त अक्सर घंटों के हिसाब से सड़कों पर बीत जाता है. इसके साथ ही यहां के लोग इस इंतजार में है कि कब ये निर्माण पूरा होगा और हम सड़कों पर धूल-रहित हवा में बिना देरी के आगे बढ़ पाएंगे और ये भी कह पाएंगे कि शहर अब विकासशील से विकसित हो गया है.

आरे कॉलोनी से कोलाबा तक बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के माध्यम से भूमिगत मेट्रो -3 वर्तमान में आरे से बीकेसी तक चालू है. हालाँकि, पर्यटकों की संख्या कम हो रही है. रिपोर्ट के अनुसार 7 अक्टूबर से 7 नवंबर और 7 नवंबर से 7 दिसंबर के दो महीनों की तुलना करें तो अक्टूबर के पहले महीने में 6,33,209 पर्यटकों ने यात्रा की, जबकि नवंबर के महीने में 5,64,313 पर्यटकों ने यात्रा की. इस प्रकार एक माह में 68,896 पर्यटक कम हुए हैं. मेट्रो शुरू होने के बाद दो महीने में 13,480 सेवाएं चलाई जा चुकी हैं. इसके विपरीत, दो महीनों में कुल 11,97,522 पर्यटकों ने इसकी यात्रा की है, जो मेट्रो के लिहाज से एक छोटी संख्या है. मेट्रो-3 का रूट इस तरह बनाया गया है कि रेलवे नहीं पहुंच पाती और लोगों को सड़क परिवहन पर निर्भर रहना पड़ता है.

निर्माण गतिविधियों ने शहर में पर्यावरण संबंधी चिंताएँ बढ़ा दी हैं, विशेष रूप से वायु और ध्वनि प्रदूषण के संबंध में. उत्खनन स्थलों से निकलने वाली धूल और मशीनरी के निरंतर शोर ने निर्माण क्षेत्रों के पास रहने वाले निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित किया है. इसके साथ सड़क बंद होने और मार्ग बदलने से अड़चनें पैदा हुई हैं और मोटर चालकों के लिए यात्रा का समय बढ़ गया है, जिससे मौजूदा यातायात संबंधी परेशानियाँ और बढ़ गई हैं.

## मान गई मुंबई महानगर पालिका... अतिरिक्त 25 एमएलडी पानी की होगी आपूर्ति



**ठाणे :** ठाणे शहर, विशेष रूप से घोडबंदर पट्टी, में पानी की भारी किल्लत की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समस्या पर सोमवार को मुंबई महानगरपालिका के अधिकारियों और विधायक संजय केळकर के बीच बैठक हुई। इस बैठक में ठाणे शहर को मुंबई महानगरपालिका से निर्धारित 50 मिलियन लीटर (एमएलडी) पानी की आपूर्ति में से 25 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाएगी। इससे ठाणे शहर की पानी की समस्या को लेकर नागरिकों को कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में चार जल स्रोतों से प्रतिदिन 585 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। इसमें एमआईडीसी, स्टेम प्राधिकरण, मुंबई महानगरपालिका और ठाणे महानगरपालिका की अपनी योजना शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में ठाणे शहर में भारी नागरिककरण हुआ है।

घोडबंदर पट्टी में 30 से 40 मंजिला इमारतें खड़ी हो रही हैं। इस क्षेत्र में पानी की समस्या अधिक है। घोडबंदर के साथ-साथ बालकुम, कोलशेत, ढोकाली क्षेत्र में भी इमारतों का निर्माण हो रहा है। ऐसे में पानी की समस्या और बढ़ने की संभावना है। इस समस्या पर विधायक संजय केळकर ने सोमवार को मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त भूषण गगराणी से मुलाकात की और चर्चा की। साथ ही पानी आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर से भी मुलाकात की। इसके बाद मुंबई और ठाणे महानगरपालिका के पानी आपूर्ति अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। ठाणे शहर को मुंबई से निर्धारित 50 एमएलडी पानी आपूर्ति में से 25 एमएलडी पानी तत्काल उपलब्ध कराने के लिए संजय केळकर ने आग्रह किया।

## नवी मुंबई में प्रॉपर्टी बाजार का उछाल, एयरपोर्ट और अटल सेतु से विकास को मिलेगा नया आयाम



**नवी मुंबई :** प्रॉपर्टी बाजार का उछाल, एयरपोर्ट और अटल सेतु से विकास को मिलेगा नया आयामअनुज पुरी ने बताया कि मुंबई हाउसिंग सेक्टर में प्राइसिंग बैलेंस होगा, लैंड अवेलेबल होगा, सस्ते घर का सपना पूरा होगा. कनेक्टिविटी से नवी मुंबई बूम देख रहा है, नवी मुंबई एयरपोर्ट और बड़ा बूम लाएगा. आर्थिक राजधानी मुंबई का बोझ कम करने के लिए 'मुंबई 2.0' तैयार है. मुंबई के पड़ोसी शहर नवी मुंबई के प्रॉपर्टी बाजार में 23% उछाल दिखी है. अटल सेतु के बाद नवी मुंबई एयरपोर्ट, अब पड़ोसी शहर को बड़ी रफ्तार देने के लिए तैयार है. नवी मुंबई एयरपोर्ट के लिए पहले कमर्शियल विमान की सफल लैंडिंग का ये ऐतिहासिक पल मुंबई 2.0 का बड़ा गेटवे साबित होगा.

मुंबई और ठाणे में, जहां फ्लैट बिक्री में गिरावट दिखी है. वहीं, पड़ोसी शहर नवी मुंबई हाउसिंग सेल में 23% उछाल देख रहा है. अपार्टमेंट की बिक्री में पिछले साल की तुलना में 2024 में ग्रेटर मुंबई में 3% और ठाणे में 6% में गिरावट आई, पर नवी मुंबई में 23% की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई. एनारॉक की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में ग्रेटर मुंबई ने 1,07,530 इकाइयों की आवास बिक्री दर्ज की, 2023 में 1,10,450 बिके थे, तो पिछले साल की तुलना में मुंबई ने करीब 3% की गिरावट देखी. पड़ोसी ठाणे में 2023 में 19,240 इकाइयों की बिक्री हुई थी जो घटकर 2024 में 18,165 इकाइयों तक पहुंची. सेल में 6% की वार्षिक कमी देखी गई. लेकिन नवी मुंबई में 2023 में 24,180 आवास की बिक्री की तुलना में 2024 में 29,640 आवास की बिक्री हुई जिसमें करीब 23% की वार्षिक वृद्धि दिखी. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी इन आंकड़ों को मुंबई के लिए ना सिर्फ बड़े राहत के तौर पर देख रहे हैं, बल्कि मानते हैं की नवी मुंबई के विस्तार से अब मुंबई-वासियों का अफोर्डेबल हाउसिंग यानी की सस्ते घर का सपना भी मुमकिन होगा.

## कुत्ते के भौंकने पर मार दी गोली; अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई :** ओशिवारा के आवासीय परिसर शांतिवन में एयरगन से गोली लगने के बाद एक आवारा कुत्ते को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत आनंदराय लक्ष्मेश्वर (52) और उसके बेटे आदित्य (26) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, ताकि पता लगाया जा सके कि उनमें से किसने कुत्ते पर गोली चलाई थी। साथ ही पुलिस ने बताया कि उनके घर से मिली एयरगन को जब्त कर लिया गया है।

कुत्ते के भौंकने से कथित तौर पर शूटर नाराज हो गया था और उसने पिता की एयरगन का इस्तेमाल किया। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रीता तनेजा जो इलाके में आवारा कुत्तों को खाना खिलाती हैं, ने बताया कि कुत्ते के फेफड़े में गोली लगने के बाद वह जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। लोखंडवाला ओशिवारा नागरिक संघ के धवल शाह ने बताया कि कुत्ते को बहुत ज्यादा खून बह गया है और उसे अंधेरी के एक पशु चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है। शाह ने कहा, हम कुत्ते को गोली मारने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच के सीनियर इंस्पेक्टर दया नायक ने बताया कि बिल्डिंग में रहने वालों ने कुत्ते के मुंह से खून बहता देखा और उसके पेट में छेद हो गया था। उन्होंने बताया कि घावों से साफ पता चल रहा था कि बिल्डिंग 6 की पहली मंजिल से किसी ने कुत्ते को गोली मारी है। अधिकारी ने बताया कि आवारा कुत्ते के एक्स-रे से पता चला कि उसके पेट में गोली जैसी कोई चीज फंसी हुई है।

पशु कल्याण कानूनों की निगरानी करने वाली राज्य समिति से जुड़ी मानद पशु कल्याण अधिकारी डॉ. नंदिनी कुलकर्णी ने कहा, कुत्तों का भौंकना स्वाभाविक है। हम मनुष्यों को जानवरों के प्रति कुछ संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, क्योंकि उन्हें भी जीने का अधिकार है। कुत्ते वास्तव में अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों पर निर्भर हैं, क्योंकि हम उन्हें खाना खिलाते हैं। उन पर हथियारों से गोली चलाना क्रूरता और अपराध है।

## थर्टी फर्स्ट को लेकर मुंबई पुलिस का एक्शन, ड्रग्स मामले में बिल्डर गिरफ्तार

**मुंबई :** थर्टी फर्स्ट के नजदीक आते ही पुलिस ने ड्रग्स के सप्लायरों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीकेसी पुलिस 27 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक आरोपी बिल्डर है और बीकेसी इलाके में ही रहता है। पुलिस को ड्रग्स की जानकारी मिलने के बाद उसे स्कूटी के साथ रुकाया और चेक करने पर डिग्गी में एमडी ड्रग्स मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रियाज रमजान शहा (49) और हसन अली असद अली मंसूरी (50) है। आरोपियों के पास से ड्रग्स मापमे की मशीन भी मिली है। गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश करने पर उसे पुलिस हिरासत में भेजा गया और सोमवार को अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत मेम भेज दिया गया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com